www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,7 मार्च 2026

सुविचार



एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ।

- स्वामी विवेकानंद

बरेली के प्रमुख समाचार

- एबीसी सेंटर : फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति-II
- सेना भर्ती : निष्पक्ष व पारदर्शिता बनाए रखने को परखी तैयारी-III
- लू और गर्मी से बचाव को तैयार हो रहा सिटी हीट एक्शन प्लान-IV



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शनिवार शाम | रविवार सुबह |
| सुन्नी : 6:21 | सुन्नी : 5:08 |
| शिया : 6:28 | शिया : 4:59 |

## सिटी ब्रीफ

### महिला दिवस पर अस्मिता लीग का आयोजन होगा

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माय भारत की ओर से रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता लीग का आयोजन किया जाएगा। इसमें एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। अंडर–13, 18 और सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर प्रतियोगिता सहित 9 दौड़ प्रतियोगिताएं और एक गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए https:nsrskheloindia.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

### घरों के आगे रैंप बनाने से सड़क पर जलभराव

**बरेली, अमृत विचार :** नूरी मस्जिद के पास रहने वाले कुछ परिवारों ने अपने घर के सामने ऊंचे रैंप बना लिए हैं। इनका इस्तेमाल अपने चौपहिया वाहनों को खड़ा करने के लिए किया जाता है। रैंप का ढाल सड़क की ओर से होने से घरों का पानी दिन भर सड़क पर बहता रहता है, जिससे सड़क पर जलभराव होने लगा है। जलभराव से सड़क टूटने का खतरा हो गया है।

## शहर में आज

- ब्रजरूप मेमोरियल स्वर संगम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से होली मिलन समारोह इज्जत नगर रेलवे स्टेशन के सामने काली मंदिर हॉल में शाम 4:30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में 10:30 से।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश एवं चित्रकार संघ बरेली की ओर से विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में शाम 5:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से महिला सम्मान कार्यक्रम पूजा सेवा संस्थान, राजीव कुंज कॉलोनी में दोपहर 1:30 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।

# चारधाम हवाई सेवा में डबल इंजन हेलिकॉप्टर का होगा इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कमिश्नर बोले, सिंगल इंजन हेलीकॉप्टरों से हादसों के बाद डबल इंजन के इस्तेमाल का फैसला**
- **उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण से जल्द हवाई सेवा शुरू कराने के लिए जारी बातचीत**

**अमृत विचार :** बरेली से चारधाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के लिए सीधी हवाई सेवा का संचालन शुरू कराने की कवायद जोर-शोर से की जा रही है। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की डबल इंजन हेलिकाप्टर से उड़ान शुरू कराने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत चल रही है। उत्तराखंड सरकार की सहमति और हेली सेवा प्रदाता कंपनियों के तैयार होते ही चारधाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करा दी जाएगी।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान सिंगल इंजन के हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जहां से हेलिकाप्टर उड़ान भरते हैं, वहां से चारधाम की दूरी भी ज्यादा नहीं है, लेकिन बरेली से चारधाम की दूरी भी बहुत ज्यादा है। नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत अब बरेली से डबल इंजन हेलिकाप्टर सेवा शुरू कराने पर मंथन चल रहा है। डबल इंजन हेलिकाप्टर से खर्च ज्यादा आ रहा है, इसलिए हवाई सेवा शुरू करने में विलंब हो रहा है। उत्तराखंड के अधिकारियों से बातचीत चल रही है। हवाई सेवा उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर की शुरू की जाएगी। कमिश्नर ने बताया कि डबल इंजन हेलिकाप्टर संचालित करने वाली कंपनी के हामी भरने के बाद हवाई सेवा शुरू कराने में देर नहीं लगेगी। चारधाम हवाई सेवा के लिए हेलिपैड बनाने के लिए भूमि की कमी नहीं है। बरेली शहर में चारों दिशाओं में हेलिपैड बनाने के लिए भूमि उपलब्ध है।



दरअसल, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के चारधाम हवाई सेवा शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत पैरवी करने के साथ विधानसभा में भी मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बाद से कमिश्नर ने चारधाम हवाई सेवा शुरू कराने के लिए उत्तराखंड के अधिकारियों से बातचीत शुरू की है। यह भी जानकारी सामने आई कि हेलिपैड बनाने के लिए बीडीए की ग्रेटर बरेली आवासीय परियोजना में तीन एकड़ भूमि चयनित की गयी है, लेकिन इसे अभी फाइनल नहीं माना जा रहा है।

# सिटी यार्ड में निर्माण के चलते आज से कई ट्रेन होंगी प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल ने बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार संख्या 248/स्पेशल पर एलएचएस निर्माण कार्य किये जाने के कारण कई गाड़ियों का शनिवार से शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। बदायूं और कासगंज की ओर से आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां बरेली जंक्शन तक ही आएंगी और वहीं से चलेंगी, जबकि पीलीभीत, रामनगर, लालकुआं और काठगोदाम की ओर आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां इज्जत नगर तक आएंगी और यहीं से वापस चलेंगी।

इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया गाड़ी नंबर 55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 7 मार्च, से 30 अप्रैल तक बरेली जंक्शन में शार्ट टर्मिनेट किया जायेगा। 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 8 मार्च से 1 मई तक बरेली जंक्शन से शॉर्ट ओरिजनेट किया जायेगा। 55318/55313 पीलीभीत-बरेली सिटी-लालकुआं सवारी गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जत नगर से शार्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जायेगा। 05402/75303 काशीपुर-बरेली सिटी-पीलीभीत विशेष गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जायेगा।

# कड़ी मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य से हासिल किया मुकाम

## सिविल सर्विसेज परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 14 हासिल करने वाली सुरभि ने बताई तैयारी की रणनीति, कहा-निरंतर अभ्यास जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 14 हासिल करने वाली बरेली की सुरभि यादव हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उनकी सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और स्पष्ट लक्ष्य की बड़ी भूमिका रही। सुरभि का मानना है कि यूपीएससी की सिविल सर्विसेज जैसी कठिन परीक्षा में सफलता के लिए धैर्य, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति बेहद जरूरी है।

शहर के ग्रीन पार्क के पास बजरंग इंक्लेव निवासी पुलिस अधिकारी राकेश सिंह मूल रूप से अमरोहा के गांव नासिर नगला के रहने वाले हैं। राकेश सिंह की पोस्टिंग 2008 में बरेली में जीआरपी में हुई। इसके बाद से पूरा परिवार बरेली का वासी हो गया। सुरभि की माता अखिलेश गृहणी और भाई राजशेखर यादव आईआईटी रुड़की से एआई इंजीनियर हैं। सुरभि ने अपनी शुरुआती पढ़ाई बरेली से ही की। उन्होंने दसवीं एसआर इंटरनेशनल स्कूल से और बारहवीं आर्मी पब्लिक स्कूल से की। बारहवीं में सुरभि ने 96 प्रतिशत के साथ मंडल टॉप किया था। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चली गईं। दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक और जामिया मिलिया इस्लामिया से परास्नातक करने के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी थी। सुरभि बताती हैं कि उन्होंने तैयारी के दौरान सबसे पहले सिलेबस को गहराई से समझा और उसी के अनुसार पढ़ाई की योजना बनाई। उन्होंने एनसीईआरटी की किताबों से बुनियादी अवधारणाएं मजबूत कीं और इसके बाद उन्होंने डेलीबेस, मैंथली बेस स्टडी प्लान बनाया। रोजाना अपने तय लक्ष्य को पूरा करना ही उनका लक्ष्य रहता था। रोजाना अखबार पढ़ना और समसामयिक घटनाओं पर नोट्स बनाना उनकी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान उन्होंने नियमित रूप से मॉक टेस्ट दिए, जिससे समय प्रबंधन और उत्तर लिखने की क्षमता बेहतर हुई। सुरभि का कहना है कि सिविल सर्विसेज परीक्षा में केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि लगातार अभ्यास और आत्मविश्वास भी उतना ही जरूरी होता है। सुरभि अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, विशेष रूप से अपने पिता को देती हैं, जो पुलिस सेवा से जुड़े हैं। पिता को समाज की सेवा करते देख ही उनके मन में भी देश के लिए काम करने की प्रेरणा पैदा हुई। सुरभि का संदेश है कि सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को धैर्य रखना चाहिए और असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उनका कहना है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है।

सिविल सर्विसेज परीक्षा का शुक्रवार को रिजल्ट घोषित होने के बाद बेटी की 14वीं रैंक आने पर मां अखिलेश की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। वह खुश होते हुए बताती हैं कि बेटी ने शुरू से ही सिविल सर्विसेज का मन बना लिया था। वह अपने लक्ष्य के लिए प्लान भी करती रहती थी। सुरभि शुरू ही से पढ़ाई में होशियार थी। दादा धर्मसिंह ने पोती की सफलता पर खुश होते हुए गांव में किसी से फोन पर बात करते हुए कह रहे थे कि पूरे गांव में मिठाई बांट देना, सबको मिठाई खिलाना, पोती गांव आएगी तो दावत भी करेंगे। फोन पर उधर से बधाई देते हुए आवाज आ रही थी कि आप अब आईएएस के दादा हो गए हैं। इस पर दादा धर्म सिंह का चेहरा खुशी से खिलखिला उठा।



सुरभि के दादा धरम सिंह को मिठाई खिलातीं मां अखिलेश। ● अमृत विचार

### सक्षम ने प्राप्त की 155 वीं रैंक

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला तहसील के ब्योधन खुर्द निवासी सक्षम शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 155 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ऋषि शर्मा के पुत्र सक्षम शर्मा ने मेहनत के बूते सफलता हासिल की है। सक्षम का परिवार हरियाणा के पलवल में रहता हैं।

### एलआईयू इंस्पेक्टर के बेटे ऋषभ ने हासिल की 116वीं रैंक



**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर के रहने वाले ऋषभ शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम में 116वीं रैंक हासिल की है। ऋषभ की मां आभा शर्मा एलआईयू इंस्पेक्टर मुरादाबाद हैं। पिता संजीव शर्मा मेरठ में एलआईसी में चीफ मैनेजर हैं। ऋषभ ने बताया कि दूसरे प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की है। ऋषभ ने बताया कि 10वीं और 12वीं की पढ़ाई डीपीएस मुरादाबाद से करने के बाद सेल्फ स्टडी व ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से तैयारी की। दिल्ली में रहकर कोचिंग करने के बाद उन्होंने दूसरी बार में ही सिविल सेवा परीक्षा में 116वीं रैंक हासिल की। ऋषभ की इस सफलता पर उनके परिजनों व ऋषभ को बधाई देने वालों का घर पर तांता लगा रहा। ऋषभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

### सुरभि को चौथे प्रयास में मिली बड़ी सफलता

सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 14 हासिल करने वाली सुरभि यादव की सफलता के पीछे चार प्रयासों का लंबा संघर्ष छिपा है। पहले प्रयास में वह प्रारंभिक परीक्षा (प्री) भी पास नहीं कर पाईं। दूसरे प्रयास में उन्होंने प्री और मुख्य परीक्षा तो पास कर ली, लेकिन इंटरव्यू में चयन नहीं हो सका। तीसरे प्रयास में फिर से प्री परीक्षा में ही सफलता नहीं मिल पाई। लगातार असफलताओं के बावजूद सुरभि ने हार नहीं मानी और तैयारी जारी रखी। आखिरकार चौथे प्रयास में उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने सिविल सर्विसेज परीक्षा में शानदार 14वीं रैंक हासिल कर अपनी सफलता की कहानी लिख दी।

### उत्कर्ष ने पांचवें प्रयास में प्राप्त की 337वीं रैंक



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में बरेली के उत्कर्ष मिश्रा ने 337वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कर्ष मिश्रा का यह पांचवां प्रयास था। इससे पहले भी वह सिविल सेवा परीक्षा के अपने दूसरे प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंच चुके थे, लेकिन अंतिम सूची में जगह बनाने से चूक गए थे। लगातार मेहनत और धैर्य के साथ उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और आखिरकार इस बार सफलता हासिल कर ली। उत्कर्ष की प्रारंभिक और स्कूली शिक्षा बरेली में गिरिश प्रसाद मैमोरियल स्कूल आईसीएसई बोर्ड से हुई। उत्कर्ष ने आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। सिविल सेवा परीक्षा में उनका ऐच्छिक विषय भी मैकेनिकल इंजीनियरिंग रहा, जिसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उत्कर्ष के पिता चंद्रेश मिश्रा बरेली में इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए एक कोचिंग सेंटर संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता शशिकला मिश्रा गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई हर्ष मिश्रा ने भी आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उत्कर्ष ने बताया कि सिविल सेवा कभी भी उनका पहला लक्ष्य नहीं था। उनके परिवार और नाना का सपना था कि वह सिविल सेवा में जाएं। उनके सपने को ही साकार करने के लिए उन्होंने सिविल सेवा का रुख किया, लेकिन इस सफलता को पांचवें प्रयास में प्राप्त कर पाया। उत्कर्ष ने इंडियन ऑयल में अस्टिटेंट मैनेजर की नौकरी छोड़ कर पांचवां अटेंप्ट दिया था। इसमें उन्होंने सफलता प्राप्त की। उत्कर्ष की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्र के लोगों में खुशी और गर्व का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रिछा के मिन्हाज को मिली 513 वीं रैंक



**बहेड़ी, अमृत विचार :** रिछा कस्बे के युवक मिन्हाज ने सिविल सर्विसेज परीक्षा में 513वीं रैंक हासिल की है। मिन्हाज आईआईटी इंजिनियर हैं और 4 साल नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने तीसरे प्रयास में सिविल सर्विसेज परीक्षा पास की है। मिन्हाज की सफलता की सूचना मिलते ही परिवार में त्योहार जैसी खुशी का माहौल बना गया। कस्बे के तमाम लोगों ने पहुंच कर परिजनों को बधाई दी। मिन्हाज कस्बा रिछा के रहने वाले बहेड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शकील गुरु एडवोकेट के बेटे हैं। उन्होंने 2023 में पहली बार सिविल सेवा परीक्षा दी थी और अब तीसरे प्रयास में उन्हें कामयाबी हासिल हुई। मिन्हाज ने 5वीं तक की शिक्षा बहेड़ी में हासिल की थी। इसके बाद वह तालीम हासिल करने अलीगढ़ चले गए। वहां से कुछ समय बाद वापस आ गए और 2016 में मिशन एकेडमी से 12वीं की परीक्षा पास की। उन्होंने 2016 में आईआईटी परीक्षा क्रैक की थी और दिल्ली से बीटेक (सीएस) किया। इसके बाद 2023 तक बंगलौर और पूना में नौकरी की। मिन्हाज को सिविल सेवा परीक्षा पास करने का जूनून था और इसी के चलते उन्होंने नौकरी छोड़कर तैयारी शुरू कर दी। मिन्हाज के सिविल सेवा परीक्षा क्लियर कर लेने की खबर ने उसके परिवार में किसी त्योहार जैसी खुशी ला दी है। रिछा कस्बे में भी यह खबर फैली, तो हर तरफ खुशी का माहौल बन गया है। लोगों का उनके घर पर पहुंच कर मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### सिविल सेवा में आकाश गंगवार को 684वीं रैंक



**बरेली, अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर निवासी कुंवर सेन गंगवार के पुत्र आकाश गंगवार ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 684वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आकाश की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आकाश की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह दिखाती है कि लगन और निरंतर प्रयास से बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

# पारे का विष सोख लेगा बैक्टीरिया

रतन सिंह गुर्जर, बरेली

- **उपलब्धि : मरकरी प्रदूषण से निपटने में मददगार विशेष बैक्टीरिया की वैज्ञानिकों ने की पहचान**

**अमृत विचार :** पर्यावरण प्रदूषण कम करने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि सामने आई है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोरा और उनके शोध छात्र ने एक ऐसे विशेष बैक्टीरिया की पहचान की है जो अत्यंत विषैले भारी धातु मरकरी (पारा) को कम विषैले रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखता है। इसमें बैक्टीरिया स्यूडोमोनास एरुजिनोसा की विशेष गतिविधि का पता चला है। इसकी मदद से औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन और पानी में होने वाले पारे के प्रदूषण को दूर करने में मदद मिलेगी।

प्रो. डॉ. पंकज अरोरा ने बताया कि यह बैक्टीरिया मरकरी आयन की दिशा में सक्रिय रूप से गति करता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में कीमोटॉक्सिस कहा जाता है। बैक्टीरिया अपनी विशेष जैव-रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से मरकरी को कम विषैले एलिमेंटल मरकरी में बदल देता है। यह परिवर्तित मरकरी गैसीय रूप में वाष्पीकृत होकर वातावरण में फैल जाती है, जिससे मिट्टी और जल में मौजूद पारे की विषाक्तता कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में बैक्टीरिया की मेर ऑपेरॉन प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी प्रणाली के जरिये एन्जाइमेटिक प्रतिक्रिया होती है, जो मरकरी आयन को एलिमेंटल मरकरी में परिवर्तित करती है। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों में बैक्टीरिया की यह क्षमता सफलतापूर्वक प्रमाणित की गई है।



"मरकरी से प्रभावित क्षेत्रों में जैव-उपचार (बायोरिमेडिएशन) तकनीक के विकास में यह शोध सहायक हो सकता है। यदि इस बैक्टीरिया का बड़े स्तर पर उपयोग किया जाए तो औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण सुधार संभव है। - डॉ. पंकज अरोड़ा, पादप विज्ञान विभाग, रुविवि

### पर्यावरण के अनुकूल है बायोरिमेडिएशन तकनीक

बायोरिमेडिएशन ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें सूक्ष्मजीवों, बैक्टीरिया या फफूंद की मदद से प्रदूषित मिट्टी, पानी और पर्यावरण को साफ किया जाता है। यह प्रक्रिया प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती है तथा औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण में तेजी से उपयोग में लाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तकनीक के आधार पर ऐसे जैविक समाधान विकसित किए जा सकते हैं, जो पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर मरकरी के दुष्प्रभाव को भी कम कर सकें। वैज्ञानिक समुदाय इस उपलब्धि को पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहा है। डॉ. पंकज अरोरा लगातार 2020 से दुनिया-भर के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं।

# अपर नगर आयुक्त करेंगे डॉ. भानु प्रकाश पर लगे आरोपों की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश पर लगे गंभीर आरोपों की जांच नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय को सौंपी है।

पिछले दिनों सफाई निरीक्षकों और जोनल स्वच्छता अधिकारियों ने नगर आयुक्त को संयुक्त रूप से शिकायती पत्र सौंपा था। जिसमें आरोप लगाया गया कि डॉ. भानु प्रकाश लगातार कर्मचारियों की सेवाओं में बाधाएं उत्पन्न करने के साथ निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। इनके अवैध पद सृजन और मनमानी रवैये के कारण मानसिक तनाव और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच बैठा दी गई है। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय का कहना है कि शीघ्र जांच पूरी होने पर रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेंगे।

# बीडीए ने भूखंडों की नीलामी से 138 करोड़ कमाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में बड़ी संख्या में लोग भूखंड खरीदने के लिए उमड़े। बीडीए कार्यालय परिसर में सुबह 11 से शुरू हुई नीलामी शाम करीब चार बजे तक चली। नीलामी में बीडीए ने 138 करोड़ की आय प्राप्त की। बीडीए उपाध्यक्ष ने सभी आवंटियों से शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने बताया कि रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रफल के रिक्त व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी के लिए विशेष शिविर का आयोजन हुआ। नीलामी में निवेशकों को अपने व्यवसाय और योजना के अनुसार विकल्प चुनने का अवसर मिला। बड़ी संख्या में लोग अपने सपनों के कारोबार को साकार करने के दूसरे शहर व राज्यों से भी आए, जिससे प्राधिकरण को 138 करोड़ रुपये से अधिक आय हुई। सचिव वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव, अजीत कुमार, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह आदि मौजूद रहे।



बीडीए कार्यालय में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी और आवंटी। ● अमृत विचार

- **रामगंगा नगर व ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के भूखंडों की नीलामी में उमड़े निवेशक**

### नई टाउनशिप योजना विकसित करने की प्रक्रिया शुरू

सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने दिल्ली-लखनऊ बड़े बाईपास और पीलीभीत बाईपास के पास लगभग 267 हेक्टेयर क्षेत्र में नई टाउनशिप योजना विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई टाउनशिप में आधुनिक और व्यवस्थित सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। योजना में 45 और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें, 18 मीटर तक चौड़ी आंतरिक सड़कें, भूमिगत बिजली लाइनें और 132 केवीए विद्युत उपकेंद्र शामिल हैं। इसके अलावा एम्यूजमेंट पार्क, कम्युनिटी सेंटर जैसी सुविधाओं का प्रावधान भी किया गया है। नई टाउनशिप निवेशकों और शहरवासियों के लिए अवसर और आधुनिक जीवनशैली का एक उदाहरण बनेगी। इससे न केवल शहर का आवासीय और व्यावसायिक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि निवेशकों को अपने सपनों का कारोबार स्थापित करने का शानदार मौका भी मिलेगा।

## सिटी ब्रीफ

### धोखाधड़ी, मारपीट व जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज

**आंवला/बरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा निवासी महिला सुषमा यादव की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी,मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। महिला का आरोप है कि अरविंद यादव पुत्र ब्रजभूषण यादव ने पहली शादी छिपाकर उससे विवाह किया। बाद में दूसरी महिला के घर आने पर मामला सामने आया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और अभद्रता की। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसे जलाकर मारने का प्रयास किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अरविंद यादव, भूरे यादव, किरण और कु . सलोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवकों ने ग्रामीण को पीटा, भर्ती

**क्योलड़िया/बरेली अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बहर जागीर कि दिव्यांग मुन्नी देवी पत्नी डोरी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके पुत्र सुरेंद्र को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही ज्वाला राम,अनीता देवी, अंकित तथा ज्वाला राम के दामाद रोहित ने मंदिर के पास घर कर मारा पीटा जिससे सुरेंद्र को काफी गंभीर चोटें आई तथा । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया।

### वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल

**फतेहगंज पश्चिमी/बरेली, अमृत विचार :** वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक परिवार के तीन लोग घायल हो गए। गांव कुरतरा निवासी विकास साहू उर्फ भूरा उनकी मां जयदेई और भाभी सोनकली के साथ बाइक के द्वारा बरेली किसी रिश्तेदार के यहां होली मिलने गए थे। शुक्रवार शाम को घर लौटते समय शंखा पुल के पास अज्ञात कार की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से उनकी मां जयदेई और भाभी सोनकली घायल हो गई ।राहगीरों की मदद से विकास साहू दोनो को एंबुलेंस के द्वारा बरेली निजी अस्पताल ले गया।

# धनराज बिल्डर्स ने किसान के साथ की तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

संवाददाता, बिथरी चैनपुर/ बरेली



- राकेश समेत तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचारः** चेक देकर करोडो की जमीन की रजिस्ट्री करवाकर बिल्डर्स ने चेक बाउंस करवा कर किसान के साथ धोखाधड़ी कर दी।किसान की शिकायत पर बिल्डर्स के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अनिल कुमार निवासी बालीपुर अहमदपुर ने बताया उन्होंने 27-6-2016 को अपनी जमीन धनराज बिल्डर्स के प्रॉपराईटर राकेश शर्मा निवासी भोजीपुरा जिला बरेली को 3 करोड़ 72 लाख रूपए मे बेची थी। जिसमे राकेश शर्मा ने 3 करोड़ 43 लाख के चार चेक दिए थे। अनिल ने बताया रजिस्ट्री के बाद जब राकेश द्वारा दिए गए चेक अपने खाते मे लगाय तब राकेश के खाते मे रूपए ना होने के कारण चेक का भुगतान नहीं हो सका।जिसके बाद भी राकेश ने जमीन खतौनी मे अपने नाम दर्ज करवा ली।। जिसके बाद अनिल कुमार के वाद पर अप्रेल 2023 मे तहसीलदार द्वारा अनिल के पक्ष मे आदेश कर धनराज बिल्डर्स का नाम खतौनी से हटाने का आदेश खतौनी मे चढ़ा दिया गया। लेकिन इसके बाद भी धनराज बिल्डर्स के प्रॉपराईटर राकेश ने मई 2023 मे राकेश और शुभम के नाम रजिस्ट्री कर दी।जबकि धनराज बिल्डर्स का नाम पृथक करने का आदेश पहले से खतौनी पर अंकित था। जिसके बाद भी सभी बिल्डर्स ने किसान को धोखा देने के उदेश्य से कूटनीति तरीके से जमीन का फर्जी बैनामा कर दिया गया।जिसके बाद धनराज बिल्डर्स के प्रॉपराईटर राकेश कुमार ने राकेश कुमार और शुभम का नाम खतौनी मे अंकित करवा दिया। अब सभी जमीन कब्ज़ाने मे लगे हुए है। इंस्पेक्टर सी पी शुक्ला ने बताया तीनो बिल्डर्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## खेत के किनारे झाड़ियों में मिला भ्रूण

**रिठौरा/ बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला मोहनपुर रोड पर शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब झाड़ियों में दो-तीन माह का भ्रूण मिला। गेंद खेलते बच्चों ने जब मांस के लोथड़े जैसा बच्चे को देखा तो उनकी चीख निकल गई,उनके शोर मचाने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर चौकी पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंचे उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया,जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहनपुर रोड पर शुक्रवार को दोपहर में बच्चे मोर सिंह यादव के घर के सामने गेंद खेल रहे थे। अचानक उनकी गेंद झाड़ियों में चली गई। बच्चे उसे ढूंढते हुए वहां पहुंचे तो भ्रूण देखकर उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता मौके पर पहुंचे।

# मारपीट के बाद युवक का शव पेड़ से लटका मिला

संवाददाता, नवाबगंज/बरेली

- परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में युवक का शव लटका मिलने के बाद अब परिजन ने मारपीट के बाद हत्याकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

गांव याकूबपुर निवासी होरी लाल ने बताया कि 4 मार्च की रात करीब एक बजे नगर पालिका मार्केट में उसके पुत्र संतोष कुमार के साथ उसका दोस्त और उसके 4–5 साथियों ने दुकान में गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों के अनुसार शाम को संतोष आरोपियों के साथ ही घूम रहा था। पिता ने उसे घर चलने को कहा, लेकिन वह नहीं आया और रात भर घर नहीं लौटा। अगले दिन 5 मार्च की सुबह करीब 11 बजे फोन से सूचना मिली कि गांव सिजौलिया में आम के बाग में संतोष का शव पेड़ से लटका हुआ है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव देखा। उनका आरोप है कि संतोष के शरीर पर चोट के निशान थे, जिससे हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है । पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। वही आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं ।

## रंग लगाने के विवाद में बवाल, महिला से मारपीट का आरोप

**नवाबगंज/ बरेली, अमृत विचारः** होली के दौरान रंग लगाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। विरोध करने पर कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और बाद में रास्ते में महिला को घेरकर पीटने का आरोप लगा है। पीड़िता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया धीमर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 4 मार्च को होली के दौरान गांव का पप्पू नशे की हालत में उसे जबरन रंग लगाने की कोशिश करने लगा। आरोप है कि उसने महिला से अभद्रता भी की। विरोध करने पर पप्पू, नन्नू, छोटू और गोदावरी समेत अन्य परिजन उसके घर में घुस आए और परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर दी।

## युवक पर जानलेवा हमले के मामले में रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** युवक पर जानलेवा हमले के मामले में बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कालीबाड़ी निवासी अभिषेक गुरुवार रात बास मंडी गए थे। वहां हमलावर अभिषेक का गला रेतकर मृत समझकर फरार हो गए थे। गंभीर रूप से घायल अभिषेक सड़क पर गिर पड़े रहे।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो पुलिस को सूचना दी गई। बारादरी पुलिस ने अभिषेक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि अभिषेक के जीजा हर्षपाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

# एबीसी सेंटर : फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति

## नगर आयुक्त ने सेंटर का संचालन नहीं करने और नोटिस का जवाब न देने पर उठाया कदम, कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने लापरवाही पर एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का ठेका लेने वाली फर्म संतुलन जीव कल्याण को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति करते हुए संबंधित अफसर को आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। 1.80 करोड़ रुपये की लागत से बने इस सेंटर को संचालन न करने पर यह कदम उठाया गया है। निगम ने फर्म को नोटिस दिए थे, मगर कोई जवाब नहीं दिया गया। वहीं, शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं।

परसाखेड़ा पुलिस चौकी के सामने स्थित सेंटर का निर्माण आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए किया गया था, ताकि शहरवासियों को सुरक्षा और राहत मिल सके। यहां 150 कुत्ते रखे जाने की व्यवस्था है।




### शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ा आतंक

आवारा कुत्ते बच्चों, बुजुर्गों को काटने के साथ वाहन सवारों को दौड़ाते हैं। कई वाहन सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। सिविल लाइंस, आवास विकास, ग्रीन पार्क, राजेंद्र नगर, मॉडल टाउनल, इंदिरा नगर जैसे पाश इलाके हों या सीबीगंज बंडिया, मथुरापुर, रहपुरा चौधरी जैसे शहर की सीमा से सटे वार्ड, हर क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

- परसाखेड़ा चौकी के सामने 1.80 करोड़ की लागत से हुआ था एबीसी सेंटर का निर्माण

पिछले साल एक अप्रैल को मुख्यमंत्री के हाथों इसका लोकार्पण कराया गया था। लेकिन संचालन का ठेका लेने वाली फर्म ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि आवारा कुत्तों की वजह से रात में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई मोहल्लों से कुत्तों के झुंड लोगों को दौड़ाने और काटने की शिकायतें सामने आने पर पिछले महीने एजेंसी को नोटिस जारी कर सेंटर पांच दिन में शुरू करने की मोहलत दी थी, लेकिन, नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद भी एजेंसी की ओर से कोई जवाब नहीं आया। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और शासन के निर्देशों को भी फर्म ने नजरअंदाज किया। नगर आयुक्त के अनुसार एबीसी सेंटर का संचालन अनिवार्य था, ताकि नसबंदी और टीकाकरण की प्रक्रिया नियमित रूप से चल सके। अब फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और अन्य कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घोर लापरवाही दोबारा न हो।

### बोर्ड बैठक में उठा था फर्म की मनमानी का मुद्दा

शासन से स्पष्ट निर्देश हैं कि एबीसी सेंटर को चालू किया जाए, ताकि पशु संख्या नियंत्रित रहे और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अधिकारी बताते हैं कि इसके बावजूद फर्म की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। इस मनमानी से नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे। वहीं नगर निगम कार्यकारिणी और बोर्ड में कई बार यह मुद्दा भी उठा, लेकिन फर्म की मनमानी कम नहीं हुई। फिलहाल एबीसी सेंटर पर ताला लटका है।



> एबीसी सेंटर का संचालन लेने वाली फर्म ने पूरी तरह से लापरवाही दिखाई। वर्क ऑर्डर मिलने के बावजूद एजेंसी ने सेंटर चालू नहीं किया। लिहाजा, अनुबंध की शर्तों के अनुसार फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति की गई है।
>
> –संजीव मौर्य, नगर आयुक्त

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# फायरिंग करने में एक को हिरासत में लिया

संवाददाता, सीबीगंज

- सर्वोदय नगर में गुरुवार की रात फायरिंग करके फैलाई थी दहशत

**अमृत विचार :** सीबीगंज में एक घर के सामने फायरिंग करने के मामले में पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त कर ली है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फायरिंग करने वाले बाइक सवार 3 युवक बताए जा रहे हैं। इनका पूर्व में विवाद हुआ था जिसका समझौता हो गया था। इसी के चलते दहशत फैलाने के लिए घर के दरवाजे के बाहर दो राउंड फायरिंग की थी। पुलिस ने घटना में अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के उपरांत उनके नाम खोले जाएंगे।

सीबीगंज के सर्वोदयनगर निवासी हर्षित पंत पुत्र विपिन चंद पंत के मुताबिक वह गुरुवार की रात करीब दस बजे परिवार वालों के साथ घर पर मौजूद थे। इसी दौरान बाइक सवार 3 युवक उनके दरवाजे पर आए। उन्होंने पहले जोर से गेट पर लात मारी फिर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। तभी उनमें से एक युवक ने अपने पैंट की जेब से तमंचा निकाल कर फायरिंग कर दी। फायर की आवाज सुनकर वह दरवाजे पर आए, दरवाजा खोलते ही बाइक सवार तीनों युवक फरार हो गए। इनकी तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना पर इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी पुलिस बल की मौके पर पहुंचे थे सभी युवकों की तलाश की मगर वह उस समय पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े थे। पुलिस ने मौके से एक छूटा हुआ 315 बोर का कारतूस भी बरामद किया था। इसके बाद हर्षित पंत के भाई दीपेश

## होली मिलने गए युवक और उसके दोस्तों को पीटा

**बरेली/बिथरी, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के मानपुर अहियापुर गांव में होली मिलने गए युवक और उसके साथियों के साथ मारपीट की गई। सुभाषनगर थाना क्षेत्र की गंगानगर कॉलोनी निवासी अवधेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 मई 2025 को उसने बहन पिंकी यादव की शादी मानपुर अहियापुर निवासी अंजीत यादव के साथ कराई थी। आरोप है गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे वह भाई सर्वेश यादव और दोस्त गौरव शर्मा के साथ बहन के घर होली मिलने गया था। बहन ने उसे बताया कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। अवधेश के अनुसार जब उसने बहनोई अंजीत यादव को समझाने का प्रयास किया तो वह और उसके भाई कुलदीप, सुरजीत व राजीव गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे सर्वेश और गौरव शर्मा को चोटें आईं। आरोप है कि लाइसेंसी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई।

# गंभीर घायल करने के दोषी दंपती और पुत्र समेत चार को 5 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** मामूली कहासुनी में दो भाइयों व उनकी बहन को लाठी-डंडों से मारपीट कर गैर इरादतन हत्या के प्रयास के आरोपी थाना बिथरी चैनपुर परतासपुर निवासी पंचम, पत्नी जलधारा, पुत्र राजपाल व गोकरन को परीक्षण में दोषी पाते हुए प्रत्येक को 5-5 वर्ष सश्रम कारावास व 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।



सरकारी वकील महेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम परातासपुर निवासी सुखवीर ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि 10 अक्टूबर 2018 को करीब 10.30 बजे सुबह वह अपने घर के सामने रास्ते पर गाय नहला रहा था। तभी गांव का पंचम अपनी भैंस लेकर आ गया और उसे गाय हटाने के लिए कहने लगा। उसने कहा कि निकल जाओ वह अपनी गाय हटा लेगा। इसी बात पर गोकरन जो पंचम का भतीजा है, उसने उसे थप्पड़ मार दिया, तभी मेरा भाई जोगेन्द्र आ गया तो ये लोग उसे भी मारने लगे। तभी पंचम का लड़का राजपाल व उसकी पत्नी जलधारा भी लाठी-डण्डे लेकर आ गये और मुझे, मेरे भाई व मेरी बहन को मारकर लहूलुहान कर दिया और मौके से गालियां देते हुए चले गये। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का प्रयास, मारपीट, चोट पहुंचाना, अपमानित करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

### डोडा चूर्ण तस्करी के दोषी को 3 वर्ष की कैद और 20 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** अफीम चूरा तस्करी के 16 वर्ष पूर्व के मामले में थाना फतेहगंज पश्चिमी मो . अंसारी वार्ड नं–7 निवासी मो . हसनैन को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट–13 उमा शंकर कहार ने 3 वर्ष कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील रीतराम राजपूत व तेजपाल सिंह राघव ने बताया कि 6 मई 2010 को फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस को गश्त के दौरान नौगवां की तरफ सामने से दो व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। जो उन लोगो को देखकर सकपकाकर एकदम वापस मुड़कर चलने लगे। पुलिस वालों ने रुकने को कहा मगर नहीं रुके, तभी पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों व्यक्तियों के पास से साढ़े पांच किलो डोडा पाउडर बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम मो . हसनैन व आजाद बताया था। विवेचना उपरांत मो . हसनैन के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेजी थी।

# 108 एंबुलेंस नहीं आई, ठेले से जिला अस्पताल पहुंचा मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक युवक की अचानक हालत खराब हो गई। परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कई बार कॉल की, मगर उन्हें एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी। इसके बाद मरीज को गंभीर हालत में परिजन ठेले पर लेकर जिला अस्पताल आए। यहां इमरजेंसी वार्ड में भी उसे इलाज नहीं मिल सका। जिसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। हालांकि, यह घटना मंगलवार की है, लेकिन इसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

बारादरी क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी तस्लीम (30) की मंगलवार दोपहर तबीयत खराब हो गई। परिजनों के अनुसार कई बार 108 एम्बुलेंस सेवा पर कॉल की। करीब आधे घंटे तक कोई एम्बुलेंस उनकी मदद के लिए नहीं पहुंची। मजबूर होकर खुद तस्लीम को ठेले पर लिटाकर जिला अस्पताल ले आए।

परिजनों का कहना है कि जब वह मरीज को लेकर इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे तो वहां उन्हें निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दे दी गई।

परिजन तस्लीम को निजी अस्पताल ले गए। तस्लीम के फेंफड़ों में पानी भर गया था। इसकी वजह से उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।



ठेले से अस्पताल पहुंचे मरीज का वायरल फुटेज।

- आरोप- स्टाफ ने निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी
- जोगी नवादा के रहने वाले पीड़ित को नहीं मिल सका इलाज

> अगर कॉलर को एंबुलेंस असाइन हुई है तो जरूर पहुंचती है, लेकिन कई बार कॉल ही रिसीव नहीं होती है। ऐसे केस में एबुलेंस सुविधा नहीं मिल पाती। इस मामले की जांच कराई जाएगी।
>
> –डॉ . विश्राम सिंह, सीएमओ

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

**फतेहगंज पूर्वी/बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी इलाके में दिल को झकझोरने वाली घटना सामने आई है कस्बे के मोहल्ला शब्बीर कॉलोनी की रहने वाली महिला ने शुक्रवार दोपहर कोतवाली फरीदपुर पहुंचकर अपनी चार साल की बेटी के साथ हुई घटना की तहरीर दी।

पीड़िता ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे उनकी बच्ची मोहल्ले के पास बने शब्बीर के भट्टे के पास खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 11 वर्षीय लड़का विशाल बच्ची के साथ गलत हरकत करने लगा। घर लौटकर मासूम ने रोते हुए अपनी मां को सारी बात बताई। थाने में तहरीर देते समय महिला ने बताया कि मेरी बच्ची अभी ठीक से बोल भी नहीं पाती, लेकिन उसने जो बताया, उससे मेरा दिल दहल गया। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले में सन्नाटा छा गया। लोग हैरान के साथ गुस्से में भी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कि किशोरी (12) के परिवार के लोग गांव में हो रही चौपाई में गए थे। गांव का युवक सुरेंद्र 4 मार्च की रात किशोरी के घर में घुस आया और उसे पकड़ कर जबरन छेड़छाड़ करने लगा। उसके कपड़े भी फ़ाड़ दिये। वह किशोरी को कमरे में खींच कर ले जाने लगा विरोध करने पर किशोरी के साथ युवक ने गाली गलौज पर मारपीट भी की। किशोरी चीखने चिल्लाने लगी और अपने को छुड़ाकर गांव में हो रही चौपाई की तरफ भागी। किशोरी ने पिता को घटना की जानकारी दी।

## बॉलीवॉल खेलने के दौरान मारपीट

**मीरगंज/बरेली,अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय खाम में वॉलीबॉल खेलने के दौरान हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सराय खाम निवासी नईम अली अपने साथियों के साथ वॉलीबॉल खेल रहे थे। खेल के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो जल्द ही गाली-गलौज और विवाद में बदल गई।

नईम अली ने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष के अकबर अली, सव्वर, मुस्तर और उनके अन्य साथियों ने नईम अली, रेहान शाह और जमील अल्वी के साथ अभद्रता की। घटना के बाद पीड़ित नईम अली ने मीरगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सिटी ब्रीफ

## आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार** : मेरठ मंडल के आदेश के तहत 31 मार्च के बाद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने की खबर ने बरेली मंडल के स्कूलों में भी असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद बरेली ने इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा है कि वर्षों से आउटसोर्सिंग कर्मी विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुचारू रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने चेतावनी दी कि अचानक आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाना उनके भविष्य और परिवार की आजीविका के लिए गंभीर संकट है। कहा कि यदि आदेश लागू किया गया तो परिषद आंदोलन सहित सभी कानूनी और संगठित उपाय अपनाकर आउटसोर्सिंग कर्मियों के हितों की रक्षा करेगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

## साध्वी प्राची ने दोहराई भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि भारत को आधिकारिक हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने ईरान-इजराइल युद्ध में अली खामेनेई की मौत के बाद भारत में शोक जताने वालों को कठघरे में खड़ा किया।

## रोटरी मैट्रो ने होली मिलन मेले में लगाए स्टॉल

**बरेली, अमृत विचार** : रोटरी क्लब बरेली मैट्रो के सदस्यों ने गुलाब राय इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन मेले में स्टॉल लगाए। क्लब अध्यक्ष अनिल मेहरोत्रा, प्रदीप शर्मा, डीएल खट्टर, डॉ. राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुनीत मूना, हरीश छाबरा आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष ने बताया कि क्लब की ओर से निशुल्क मेडिकल कैंप 26 मार्च को लगाया जाएगा।

## होली के बाद बाजार में चहल-पहल, कई जगह लगा जाम




होली के बाद बड़ा बाजार, कुतुबखाना आदि स्थानों पर चहल-पहल दिखी। दुकानों पर ग्राहकों की आमद रही। वहीं, किला, चौपुला पुल, ईसाइयों की पुलिया समेत कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। काफी देर तक वाहनों के पहिए थमे रहे। इसकी वजह से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को आवागमन सुचारू कराया। इसके बाद ही राहगीर और वाहन चालकों को राहत मिली। ● अमृत विचार

## पत्रकार को पितृ शोक

**बरेली, अमृत विचार:** अमृत विचार में कार्यरत पत्रकार पुनीत कुमार के पिता सुधीर कुमार का शुक्रवार शाम निधन हो गया। वह आईवीआरआई से सेवानिवृत्त थे।



65 वर्षीय सुधीर कुमार पिछले काफी दिनों से बीमार थे। गुलाबबाड़ी रोड स्थित नवादा शेखान निवासी पुनीत ने बताया कि होली से कुछ दिन पहले ज्यादा तबीयत खराब होने पर पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने शुक्रवार शाम अस्पताल में अंतिम सांस ली। शव यात्रा शनिवार को दिन में 11 बजे घर से गुलाबबाड़ी श्मशान भूमि के लिए प्रस्थान करेगी।

# सेना भर्ती : निष्पक्ष व पारदर्शिता बनाए रखने को परखी तैयारी

### डीएम ने भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती रैली के आयोजन में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों संग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली परिसर में 11 से 23 मार्च तक होगा भर्ती रैली का आयोजन
- अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेज लाने और अफवाहों एवं दलालों से दूर रहने की अपील

**अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च तक भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। आर्मी भर्ती रैली में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने सभी अधिकारियों को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सेना भर्ती सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।




कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस-सेना के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

बैठक में सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जाट रेजिमेंट केन्द्र परिसर में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में 12 जनपदों में बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। 11 मार्च की सुबह 6 बजे से दौड़ आरम्भ होगी, इसलिए सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि सभी अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अपने साथ रखें। सभी जरूरी कागजात अवश्य साथ में लेकर आए। किसी भी अभ्यर्थी को किसी कारणवश पंजीकृत ई-मेल आईडी से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहा है तो वे सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं और अभ्यर्थी के एडमिट कार्ड पर जो दिनांक है, उसी दिनांक पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। 11 मार्च को शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10 मार्च की शाम से ही परिसर में प्रवेश देना शुरू कर दिया जाएगा, जहां उनके रुकने, पीने के पानी, शौचालय व भुगतान करने पर भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया निर्विघ्न, पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता को दो दिन में बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कराने, विद्युत विभाग को जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य विभाग को 108 एम्बुलेंस, चिकित्सकों की टीमें मय दवाओं सहित उपलब्ध कराने, शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन व सहायता को अभ्यर्थियों की सहायता के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, एआरएम रोडवेज को आर्मी भर्ती का फ्लैक्स लगी हुई बसों की सुविधा उपलब्ध कराने, फायर ब्रिगेड को आवश्यक प्रबंधन कराने तथा जिला पंचायत राज विभाग को सफाई कर्मी लगाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि बायो टॉयलेट, वाटरटैंक, सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। कूड़ेदान रखवाए जा रहे हैं। दौड़ में पास होने वाले अभ्यर्थियों के रुकने के लिए रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करा ली जाएंगी। बैठक में सेना भर्ती कार्यालय बरेली के निदेशक, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसपी यातायात मो. अकमल खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, एआरएम रोडवेज सहित जिला प्रशासन व सेना के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ये है भर्ती रैली का शेड्यूल

- 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं व दसवीं) सभी 12 जिले के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/एसकेटी) (सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए)।
- 13 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 14 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) शाहजहांपुर और सीतापुर जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) संभल और पीलीभीत जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 16 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 17 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 18 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 19 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए।

# लौटने वालों की यात्रा से बस अड्डों पर बढ़ी हलचल

- यात्रियों की लगातार आवाजाही से सैटेलाइट और पुराने बस अड्डे रहे व्यस्त
- यात्रियों की भीड़ देख तीन से दिन से परेशान अफसरों ने ली राहत की सांस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : होली का त्योहार समाप्त होने के दूसरे दिन सैटेलाइट और पुराने बस अड्डों पर घर से अपने कार्यस्थलों से लौटने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई। रोडवेज बसों में शुक्रवार सुबह से ही सीट पाने के लिए यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई लोग अपने कार्यस्थलों से गांव और शहरों की ओर रवाना हुए, जबकि कुछ लंबी दूरी की बसों में भी लोग खड़े होकर सफर करने को मजबूर थे। टिकट काउंटर और प्लेटफार्मों पर काफी हलचल रही। अफसरों का कहना है कि यात्रियों की इस भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने बसों के फेरे बढ़ाने के साथ ही कुछ अतिरिक्त बसों का संचालन किया है, ताकि सफर में कोई परेशानी न हो।

आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन नियमित रूप से जारी है और विभाग सभी तैयारियों के साथ यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित कर रहा है। हालांकि, होली से एक दिन पहले और अगले दिन दोनों बस अड्डों पर यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही थी। लंबी दूरी और स्थानीय रूटों की कई बसें निर्धारित समय पर रवाना हुईं थी, लेकिन सीटें खाली नजर आने से अफसरों को कुछ हद तक चिंता हुई। वहीं, दोनों बस अड्डों पर टिकट काउंटर पर सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ भी कम थी। परिवहन विभाग के अफसरों ने इस स्थिति को अस्थायी बताते हुए कहा था कि जैसे-जैसे लोग अपने कार्यस्थलों और दूसरे शहरों की ओर लौटेंगे, बसों में भीड़ बढ़ेगी। शहर के दोनों ही बस अड्डों पर शुक्रवार को यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अफसरों ने राहत महसूस की। आरएम का कहना है कि आने वाले दो दिनों में भीड़ बढ़ने की पूरी संभावना है, इसलिए परिवहन निगम ने तैयारियों को पूरी तरह सुनिश्चित किया है। यात्री बस अड्डों पर बैठने और सफर के दौरान समय पर रवाना होने से संतुष्ट दिखे।



पुराने रोडवेज बस अड्डे पर बस में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

### नियमित ट्रेनों में भीड़, होली स्पेशल खाली



**बरेली, अमृत विचार** : होली के बाद लोगों ने घर से लौटना शुरू कर दिया है। नियमित ट्रेनों में यात्रियों को सीट पाने के लिए मारामारी करनी पड़ रही है, जबकि होली स्पेशल ट्रेनों में जगह खाली है। शुक्रवार को रेलवे की तरफ से खाली गाड़ियों की जानकारी दी गई। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से होली पर्व के बाद यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए विभिन्न होली स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। लालकुआं से चलने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में 15 मार्च को शयनयान श्रेणी में 290 बर्थ, 22 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 07 व शयनयान श्रेणी में 386 बर्थ उपलब्ध हैं। लालकुआं से चलने वाली 05060 लालकुआं-कोलकाता विशेष गाड़ी में 12 मार्च को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06 बर्थ उपलब्ध हैं।

### बस अड्डों पर चालकों-परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से हुई जांच

**बरेली, अमृत विचार** : यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार रात सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर बसों की रवानगी से पहले चालकों और परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी चालक या परिचालक ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन करके वाहन न चलाए। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस तरह की जांच समय-समय पर की जाती है। सभी चालक और परिचालकों की रिपोर्ट सामान्य पाई गई। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करते पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## दरगाह आला हजरत पर मनाया जाएगा उर्स-ए-रहमानी

**बरेली, अमृत विचार:** आला हजरत फाजिले बरेलवी के पोते रेहाने मिल्लत हजरत मौलाना रेहान रजा खान का 40 वां एक रोजा उर्स-ए-रहमानी 8 मार्च को दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरानख्वानी से होगी।

सुबह 8 बजे रजा मस्जिद में महफिल का आगाज दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) सदारत में होगा। उलमा रमजान की फजीलत बयान करेंगे और आला हजरत व रेहाने मिल्लत को खिराज पेश करेंगे। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शाम 5 बजे नात-ओ-मनकबत होगी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की खुसूसी दुआ होगी। सामूहिक रोजा इफ्तार होगा। जिसमें सैकड़ों अकीदतमंद एक ही दस्तरख़्वान पर दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन के साथ इफ्तार करेंगे।

## एसआईआर : 3.36 लाख लोगों के आए दावे-आपत्तियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मतदाता सूची में नाम जोड़ने या संशोधन करने के लिए फार्म भरने का विकल्प फिलहाल बंद

**अमृत विचार:** मतदाता सूची दुरुस्त कराने के लिए कराए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में दावे-आपत्तियां करने की मोहलत शुक्रवार को समाप्त हो गयी। 6 मार्च तक जिलेभर में 336596 लोगों ने दावे-आपत्तियां की हैं। इसमें से 266112 नए वोटर बनने और 70484 लोगों ने वोट में संशोधन करने के लिए आपत्तियां की हैं। अब लोग एसआईआर में नाम जोड़ने या संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां नहीं कर कसेंगे, हालांकि नए वोटर बनने का विकल्प खुला रहेगा लेकिन उसका नाम एसआईआर की सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक फार्म 6 के 266112 फार्म सभी तहसीलों में भरे गए हैं। जबकि नाम कटवाने के लिए 6375 फार्म-7 भरे गए हैं, जबकि 70484 लोगों ने अपने नाम या पते में संशोधन करने के लिए फार्म-8 भरे हैं। हालांकि इसमें से एईआरओ के स्तर से फार्म-6 के 8532, फार्म-7 के 420 और फार्म-8 के 3458 फार्म लंबित हैं, जबकि फार्म-6 के 164834, फार्म-7 के 1376 और फार्म-8 के 36424 फार्म डिस्पोस्ड हो गए। वहीं, डिस्पोजल के लिए अभी फार्म-6 के 101278, फार्म-7 के 4999 और फार्म-8 के 34060 फार्म लंबित रह गए हैं। उपरोक्त फार्म 27 अक्टूबर 2025 से लेकर अब तक भरे गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर में अपना नाम जोड़ने, नाम में संशोधन करने या दावा आपत्तियां करने के लिए 6 मार्च की तारीख निर्धारित की थी। इसके बाद एसआईआर में फार्म-6, 7 व 8 भरने का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि, 27 मार्च तक नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिसों पर सुनवाई होगी।

## होली मिलन समारोह में कांग्रेसियों ने लिया भाग



लखनऊ में होली मिलन समरोह में मौजूद बरेली के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में शुक्रवार को लखनऊ में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें बरेली से महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है।

मुख्य रूप से विनोद कुमार, प्रवीण मिश्रा, मनोज शर्मा, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, तीरथ मधुकर आदि उपस्थित रहे।

## चादर शरीफ मजारे पाक पर पेश की

**बरेली, अमृत विचार:** 16 वें रमजान पर शुक्रवार को हजरत शाह शराफत हॉस्पिटल का स्थापना दिवस मनाया गया। खानकाहे आलिया सकलैनिया शराफतिया की तरफ से पीरो मुर्शिद शाह सकलैन मियां हुजूर ने अपने पीर ओ मुर्शिद हजरत शाह मौलाना शराफत अली मियां के नाम से शाह शराफत हॉस्पिटल की स्थापना सन 1987 में की थी। हॉस्पिटल में मुफ्त दवाइयां और जांचें व एक्सरे की सुविधा उपलब्ध है। स्टाफ की ओर से पीरो मुर्शिद हजरत गाजी मियां हुजूर की आमद पर इस्तकबाल किया और दुआएं कराईं। सज्जादानशीन गाजी मियां हुजूर ने स्टाफ की चादर शरीफ मजारे पाक पर पेश कराई और अमन-चैन, सलामती, भाईचारे के लिए दुआ की। डॉ. हमीद उद्दीन सकलैनी, डॉ. अफसर हुसैन, डॉ. कामरान खान, डॉ. रहीम उद्दीन सकलैनी मौजूद रहे।

कवायद | महानगर, बरेली व आंवला जिले के पर्यवेक्षकों ने दो दिन रहकर कोर कमेटी के साथ मंथन कर पदाधिकारियों की सूची तैयार की

# भाजपा के तीनों जिलों में साठ प्रतिशत चेहरे बदलने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद, विधायक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिलों की कार्यकारिणी गठन में किया सहयोग

**अमृत विचार** : आगामी विधानसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रचंड बहुमत से जीतने के लिए भाजपा ने जिलों की कार्यकारिणी में बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा के बरेली के तीनों संगठनात्मक जिलों में बरेली, आंवला और महानगर में पिछले सात साल से जमे 50 से 60 प्रतिशत तक चेहरे बदलने की तैयारी है। आंवला और महानगर व बरेली जिले के पर्यवेक्षकों ने दो दिन सर्किट हाउस में रहकर जिला कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मंथन करके नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए पदाधिकारियों की सूची तैयार की है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद और विधायक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिलों की कार्यकारिणी गठन में सहयोग किया है।

भाजपा पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष एवं बरेली और महानगर जिले के पर्यवेक्षक सत्येंद्र सिसौदिया ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शुक्रवार दोपहर तक कार्यकारिणी के लिए पदाधिकारियों के नामों पर मंथन किया। इसके बाद सूची तैयार कर लखनऊ रवाना हो गए। सत्येंद्र सिसौदिया गुरुवार को बरेली पहुंच गए थे। देर रात कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने पर्यवेक्षक के साथ बैठक की। इधर, आंवला जिले की पर्यवेक्षक ने पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकारिणी की सूची तैयार करने के लिए बैठक की। भाजपा के वरिष्ठ सूत्रों ने बताया कि दो दिन से बरेली, आंवला और महानगर जिले की कार्यकारिणी गठन के लिए पदाधिकारियों के नामों की सूची तैयार की गयी है। सात साल से जमे 50 से 60 प्रतिशत तक पदाधिकारियों के चेहरे बदलने की तैयारी है। तीनों जिलों की नई सूचियां शुक्रवार शाम प्रदेश हाईकमान तक पहुंच गयीं। एक कॉपी ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को भी भेजी गयी है। पदाधिकारियों ने बताया कि 12 मार्च तक कार्यकारिणी की घोषणा होने की उम्मीद है।



### महानगर टीम पर सबकी नजरें टिकी

महानगर कार्यकारिणी में शामिल किए गए पदाधिकारियों के नामों पर सबकी नजरें हैं। महानगर क्षेत्र में दो विधानसभाएं हैं। पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं में आगे निकलने की होड़ हर समय नजर आती है। पिछले दिनों मंडल अध्यक्षों की घोषणा में भी नेताओं की खूब चली। कई माह तक तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा लटकी रही थी।

### पुराने चेहरों ने जमे रहने के लिए की है खूब दौड़भाग

महानगर के महामंत्री के चार, मंत्री के सात, उपाध्यक्ष के 7 पदों पर जमे रहने के लिए पुराने चेहरों ने बरेली से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक दौड़ लगाई, लेकिन उनकी दौड़ कितनी सफल रही, इससे पर्दा 12 मार्च तक उठने की संभावना है। तीनों जिलों में 23 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित होनी हैं।

# होली मिलन समारोह में नवनिर्वाचित रोटरी मंडलाध्यक्ष सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोटरी मंडल बरेली के समस्त रोटरी क्लबों ने परसाखेड़ा में आयोजित किया होली मिलन समारोह

**अमृत विचार :** रोटरी मंडल बरेली के समस्त रोटरी क्लबों ने संयुक्त रूप से शुक्रवार की रात परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान की फैक्ट्री परिसर में सामूहिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित मंडलाध्यक्ष सीए विनय कृष्ण सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश ने कहा कि रोटरी क्लबों के लिए गौरव की बात है कि इतने कम अंतराल पर बरेली डिस्ट्रिक्ट से दोबारा मंडलाध्यक्ष का पद बरेली मंडल को निर्विरोध प्राप्त हुआ है। पूर्व मंडलाध्यक्ष किशोर कटरू ने रोटरी के सभी सदस्यों को पौधे लगा कर पृथ्वी को हरियाली से परिपूर्ण करने का आह्वान किया। मंडलाध्यक्ष राजन विद्यार्थी ने कहा कि सभी रोटरी सदस्यों को हर अच्छे सामाजिक कार्य के लिए संगठित होकर परोपकार के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम में सदस्यों का पटका पहनाकर व चंदन लगाकर रजत मेहरोत्रा, संजय रेक्रीवाल, राहुल जायसवाल, राजगोपाल खट्टर, अंकित अग्रवाल ने स्वागत किया।



होली मिलन समारोह में मौजूद रोटरी क्लबों के पदाधिकारी और सदस्य। ● अमृत विचार

रोटरी की मात्रशक्ति का सुधा गुप्ता, कनिका शर्मा, सविता मेहरोत्रा, सीमा रेक्रीवाल ने अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में स्पॉट कपल गेम्स, होली के गीत सुनाए गए। मीडिया को-आर्डिनेटर संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन समारोह में बरेली के सभी 19 रोटरी क्लबों ने प्रतिभाग किया, जिसमें रोटरी क्लब बरेली, रोटरी सेंट्रल, रोटरी ईस्ट, रोटरी वैस्ट, रोटरी मेगनेट सिटी, रोटरी चैम्बर, रोटरी मिडटाऊन, रोटरी ग्लोरी, रोटरी इज्जतनगर, रोटरी रोहिलखंड, रोटरी बांस बरेली, रोटरी सनराइस, रोटरी ग्रेस, रोटरी हाइटस, रोटरी श्री, रोटरी मेट्रो आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मेघा कृष्ण, अशोक अग्रवाल, राहुल जायसवाल, अरविंद गुप्ता, डीपी सिंह, शेखर यादव, पंकज श्रीवास्तव, आलोक प्रकाश, शलभ गोयल, संजय रेक्रीवाल, शालिनी विद्यार्थी, संगीता कटरू, रेनू अग्रवाल, पल्लवी गोयल, संजीव मिश्रा, प्रेम शंकर, संजीव खण्डेलवाल, राजगोपाल खट्टर, विवेक मेहरा, अशोक अवस्थी, डीके द्विवेदी, सुभाष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## तीन बीएलओ को खाते में मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**मीरगंज/ बरेली, अमृत विचार:** पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ एप पर 50 प्रतिशत से अधिक वोटरों की फीडिंग करने वाले जिले के आठ बीएलओ को डीएम ने प्रोत्साहन राशि देने को चयनित किया है।

ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम मीरापुर के बीएलओ अनुराग आनंद को प्रथम श्रेणी में 10 हजार रुपये, लालाराम को तृतीय श्रेणी में छह हजार रुपये एवं मीरगंज ब्लॉक के ग्राम सुजातपुर के बीएलओ शफीउद्दीन को सांत्वना श्रेणी में तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। डीएम ने मीरगंज के तीन बीएलओ प्रोत्साहन राशि को चयनित किया है।

## सिटी ब्रीफ

### आईएमए के आजीवन सदस्य को मिला राष्ट्रीय प्रशंसा पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवम कमठान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के राष्ट्रीय सम्मेलन में सिलवासा स्थित नमो मेडिकल कॉलेज में प्रदान किया गया। बरेली आईएमए अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि यह पुरस्कार डॉ. कमठान को सामुदायिक स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य शिक्षा और निवारक चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। डॉ. शिवम कमठान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली के आजीवन सदस्य भी हैं। उन्होंने बीते वर्ष आईएमए बरेली के कोषाध्यक्ष का दायित्व भी निभाया है। आईएमए के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**फरीदपुर/बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला परा साई बाबा मंदिर के निकट सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के बाद किया गया। श्रीमद् भागवत कथा आयोजक सिपटर लाल पांडे ने कलश यात्रा कथा स्थल मोहल्ला परा साईं बाबा मंदिर से शुरू होकर पुराना बीसलपुर रोड होती हुई ग्राम पहलऊ शिव मंदिर पहुंची वहां से वापस बीसलपुर रोड होती हुई कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर मौजूद रहीं। कलश स्थापना के बाद श्रीमद् भागवत कथा शुरु हुई। कथा व्यास ने बताया कि कथा सभी पापों को दूर करती है यह लोक परलोक सुधारने का सबसे सुगम साधन है। भगवत भक्ति ज्ञान और वैराग से परिपूर्ण कर भगवान की माया से छुटकारा प्राप्त करने का एकमात्र साधन है।

# लू और गर्मी से बचाव को तैयार हो रहा सिटी हीट एक्शन प्लान

## राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बरेली समेत 16 जिलों में भीषण गर्मी की आशंका जताई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए कई विभागों के अफसरों की संयुक्त कमेटी बनायी गई

**अमृत विचार :** इस बार भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। लू और गर्मी से नागरिकों के साथ स्कूली बच्चों का बचाव करने के साथ उन्हें चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भीषण गर्मी की आशंका जताते हुए बरेली-शाहजहांपुर सहित 16 जिलों में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बरेली में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए नगर निगम, प्रशासन, बीडीए, पुलिस, स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, माध्यमिक शिक्षा, पशुपालन, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, ऊर्जा निगम, जल निगम, बेसिक शिक्षा आदि विभागों के अधिकारियों को शामिल कर समिति गठित की है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार सभी विभागों से सिटी हीट एक्शन प्लान मंगाकर तैयार कराने का जिम्मा नगर निगम के पर्यावरण अभियंता राजीव राठी को सौंपा गया है। अग्निशमन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित कई विभागों ने अपना प्लान भेज दिया है। अन्य विभागों से जल्द अपना प्लान उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सिटी हीट एक्शन प्लान 20 मार्च तक तैयार कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश पर हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए तकनीकी सहयोग में तीन प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विषय विशेषज्ञ, केस स्टडी, शोध दस्तावेजों के संकलन किया गया है। अत्यधिक तापमान को कम करने एवं उससे निपटने के लिए क्षेत्रों की पहचान करके कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अत्यधिक गर्मी की स्थिति में प्रत्येक स्टेकहोल्डर के लिए रेस्पांस मैट्रिक्स तैयार किया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने समिति में शामिल किए विभागों से जल्द अपने विभाग का प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### दिन में तापमान बढ़ने के आसार मौसम रहेगा गर्म

**बरेली, अमृत विचार :** जिले का मौसम मार्च में आने वाले दिनों में अपेक्षाकृत गर्म रहने के संकेत हैं। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार वर्तमान सहित आगामी एक सप्ताह तक कोई सक्रिय मौसम तंत्र प्रभावी नहीं रहेगा, जिसके कारण मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। तापमान सामान्य से अधिक रहने के कारण दिन के समय गर्मी का असर महसूस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह और रात के समय मौसम अपेक्षाकृत सामान्य बना रह सकता है, लेकिन दोपहर के समय तेज धूप और गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।

### ये अधिकारी मिलकर तैयार कर रहे हीट एक्शन प्लान

जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, एडीएम एफआर, बीडीए वीसी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीएमओ, मौसम विज्ञान केंद्र के जिला स्तरीय अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक एवं प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परिवहन विभाग के रीजनल मैनेजर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता, जल निगम के अधिशासी अभियंता, जिला सूचना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, नगर आयुक्त की ओर से नामित एनजीओ, एसएचजी, कम्युनिटी ग्रुप एवं सामाजिक संस्थाओं से नामित पदाधिकारी सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने वाली कमेटी में शामिल किए गए हैं।

## कैंट बोर्ड ने कचरा पृथक्करण जागरूकता अभियान चलाया

**कैंट/बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्र के आरए बाजार में कचरा पृथक्करण के संबंध में एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा स्थानीय नागरिकों से संवाद किया गया तथा उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों को बताया गया, कि यदि घरों में ही कचरे का सही तरीके से पृथक्करण किया जाए, तो कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी और पर्यावरण के लिए सुरक्षित बन सकता है।

इस अवसर पर लोगों को कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में रखने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों से अनुरोध किया गया, कि वे अपने घरों में कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें, और केवल छावनी परिषद की अधिकृत कचरा संग्रहण गाड़ियों को ही दें। इस दौरान सफाई अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी, राजेश कुमार, वार्ड के स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से सहयोग करने का संकल्प लिया।

# चेहरे पर चकत्ते तो किसी को एलर्जी की समस्या


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल की ओपीडी में त्वचा रोगियों की संख्या में इजाफा

**अमृत विचार:** होली के बाद त्वचा संबंधी रोगों के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मरीज त्वचा रोगों की दवा लेने पहुंचे। किसी को रंग से एलर्जी हो गई तो किसी के चेहरे और शरीर पर दाग-धब्बे व लाल चकत्ते पड़ गए हैं।

दोपहर तक ओपीडी में मरीजों की कतारें लगी रहीं। इलाज के लिए रोगी चिकित्सक कक्ष के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। केमिकल युक्त रंगों की वजह से एलर्जी, खुजली, जलन जैसी समस्याएं लेकर तमाम मरीज आए थे। संजय नगर के राजीव आदि ने बताया कि रंग खेलने के बाद उनके चेहरे और हाथों पर दाने निकल आए, जबकि कुछ लोगों को तेज खुजली और जलन की शिकायत थी। दोपहर दो बजे के बाद भी लोग दवा लेने के लिए अस्पताल में आते दिखे।

> केमिकल युक्त रंग त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। त्वचा रोग के मरीज होली के बाद अचानक से बढ़ गए हैं। जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में ऐसे मरीजों को उपचार मिल रहा है।
> -डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# अधूरी सड़क को छोड़कर नई जगह काम से मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सुभाष नगर में सड़क व नालियों के निर्माण के लिए गुरुद्वारा रोड पर खोदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

- सुभाषनगर में सड़क निर्माण के चलते की जा रही बेतरतीब खोदाई
- अव्यवस्था से भीड़भाड़ इलाकों में ग्राहक और दुकानदार को परेशानी

**अमृत विचार:** सुभाषनगर के गुरुद्वारा रोड पर सड़क निर्माण को लेकर शुरू हुई खोदाई से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में गहरी नाराजगी है। आरोप है कि ठेकेदार काम के दौरान निर्माण मानक का पालन नहीं कर रहा है। भीड़भाड़ वाले इलाके में अव्यवस्थित तरीके से काम किए जाने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो सड़क पहले से अधूरी पड़ी है, ठेकेदार ने उसे छोड़कर दूसरी जगह निर्माण शुरू कर दिया। इससे दिक्कतें बढ़ गईं हैं।

सुभाषनगर में पहले स्टेट बैंक से तपेश्वरनाथ मंदिर तक सीसी सड़क का निर्माण किया गया। इसके बाद, स्टेट बैंक से वाजपेयी तिराहा तक सड़क अधूरी छोड़ दी गई। इससे सटी गुरुद्वारा रोड पर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले बेतरतीब तरीके से खोदाई का काम शुरू कर दिया गया। स्थानीय लोग और व्यापारियों का कहना है कि बीच-बीच में काम रोक कर नई सड़क पर काम करने से समस्याएं और बढ़ गई हैं। दुकानदार सुमित, राधेश्याम, मोहित, प्रवीन आदि का कहना है कि निर्माण कार्य के कारण उनके व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। उन्होंने जल्द अधूरी सड़क को पूरा करने और निर्माण कार्य व्यवस्थित तरीके से करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि पहले से शुरू किए गए काम को पूरा किए बिना नई सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाता रहा तो इससे इलाके में यातायात और व्यापार दोनों प्रभावित होंगे।

## तीन दिवसीय आर्य समाज मॉडल टाउन का वार्षिकोत्सव आज से

**बरेली, अमृत विचार :** आर्य समाज मॉडल टाउन बरेली का 52 वां वार्षिकोत्सव शनिवार से नौ मार्च तक मनाया जाएगा। जिसमें वेदों के विद्वान, भजनोपदेशक और धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति होगी। यज्ञ, संध्या, ध्यान, शंका समाधान, भजन-प्रवचन जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। आयोजन में डॉ. धारणा याज्ञिकी, पंडित भानु प्रकाश शास्त्री, डॉ. श्वेत केतु शर्मा, पंडित अवनीन्द्र शास्त्री, विजय पाल सिंह आर्य जैसे विद्वान शामिल होंगे। संचालन रमेश बग्गा करेंगे, जबकि स्वागत, मंच संचालन और यज्ञ व्यवस्था के लिए अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। उप प्रधान सुरेश चंद्र आर्य ने बताया कि इस उत्सव में पूरे मॉडल टाउन के धार्मिक प्रेमी, समाज के सदस्य और पदाधिकारी भाग लेंगे।

## किसानों को पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण दिखाया

**शेरगढ़/ बरेली, अमृत विचार :** ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को पोस्ट बजट बेबिनार का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। लाइव प्रसारण कार्यक्रम के बाद कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसानों के साथ खेती-बाड़ी संबंधी चर्चा की। बताया तहसील के जमीन संबंधी अभिलेखों में सुधार करान जरूरी है ताकि किसानों की किसान सम्मान संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। डीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद,दर्शन लाल गंगवार, जयपाल गंगवार,अरूण कुमार वार्ष्णेय,ओमवीर सिंह,सुमित शर्मा,रामवीर,नरेंद्र कुमार,अरविंद कुमार,प्रेम नरायन,धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामलीला : केवट संवाद व नाव यात्रा का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी की 166 वीं रामलीला में शुक्रवार को केवट संवाद और नाव यात्रा का मंचन किया गया। लीला से पहले गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता राजा दशरथ की आज्ञा लेकर अयोध्या से वनवास के लिए निकले।

आर्य सुमंत के साथ रथ में सवार होकर वे सबसे पहले तमसा नदी पहुंचे, जो अयोध्या से करीब 20 किलोमीटर दूर है। इसके बाद गोमती नदी पार कर वे प्रयागराज से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित श्रृंगवेरपुर पहुंचे, जो निषादराज गुह का राज्य था। निषादराज गुह ने प्रभु श्रीराम का स्वागत किया और वनवास की पहली रात्रि प्रभु ने वहीं बिताई। यहीं गंगा तट पर केवट से गंगा पार कराने का प्रसंग आता है, जिसमें केवट प्रभु श्रीराम से विनम्र भाव से कहते हैं, "मागी नाव न केवटु आना, कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना। चरन कमल रज कहुं सबु कहई, मानुष करनि मूरि कछु अहई। लीला के मंचन के दौरान नरसिंह मंदिर से नाव यात्रा निकाली गई, जो मलूकपुर चौराहा, सौदागरान, कूंचा सीताराम, बड़ा बाजार और नीम की चढ़ाई होते हुए थाना किला के सामने साहूकारा तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर रामभक्तों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास अखंड भारत गौरव ट्रस्ट और नाथ नगरी के राजा सेवा समिति के सदस्यों ने आरती कर यात्रा का स्वागत किया। साहूकारा की तुलसी गली में केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शनिवार को रामलीला में 'दशरथ मरण' और भरत मिलाप' की लीला का मंचन होगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अखलेश अग्रवाल, सुरेश कटिहा, लवलीन कपूर, महेश पंडित, पंकज मिश्रा, नीरज रस्तोगी, सर्वेश


रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- नरसिंह मंदिर से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

## सिटी डायरी

### साथियों को विदाई देकर भावुक हो गए छात्र



**बरेली, अमृत विचार :** कालीबाड़ी स्थित श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को कक्षा सात के विद्यार्थियों ने कक्षा आठ के छात्रों के लिए मंगल कामना दिवस मनाया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर छात्रों को विदाई दी। प्रधानाचार्या मंजू खत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसित होने के लिए आपकी शिक्षिकाओं ने आपके साथ मिलकर कड़ा परिश्रम किया। आपको समाज का श्रेष्ठ नागरिक बनाकर शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार कर दिया है। जब कक्षा आठ के बच्चों ने आभार व्यक्त तो कक्षा सात के बच्चे भावुक हो गए। सुधीर कुमार अग्रवाल ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### होली के गीतों और भजनों से बांधा समा




**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। होली के गीतों की प्रस्तुति दी गई। समारोह में होली के गीत और भजन प्रवेश कोचर, सरोज बाला अरोरा, उर्मिला गुप्ता, डॉ. भारती सिंह, शोभा शर्मा ने प्रस्तुत किए। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। आभा तिवारी ने कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। राहुल शर्मा, प्रो. एसके शर्मा, सीबी शर्मा, अचल देव शर्मा, इंद्र देव त्रिवेदी आदि ने भी होली के गीत गाए। सभी सदस्यों ने गले मिलकर होली की खुशियों को साझा किया।

### होली प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक



**बरेली, अमृत विचार :** एसएस विद्या मंदिर करगैना में बाल रामायण की ओर से फाग उत्सव का आयोजन हुआ। बाल रामायण की प्रस्तुति के साथ ही सनातन संस्कृति प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपांकर गुप्त ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। शिक्षा के साथ बच्चों का अपनी संस्कृति से जुड़ना भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को होली से जुड़े बाल गीत भी सुनाए। अनिल शर्मा, विशन कुमार, टिंकल गुप्ता, गीता सक्सेना, ज्योति सक्सेना, रूपा, अनुराधा, सरिता मौजूद रहीं।